रजिस्ट्री सं. डीएल—33001/2001 REGISTERED No. DL—33001/2001

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 6] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 10, 2001 (माघ 21, 1922)
No. 6] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 10, 2001 (MAGHA 21, 1922)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]
[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]
[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

सरकारी और बैंक लेखा विभाग

मुंबई, दिनांक 27 दिसम्बर 2000

भारत सरकार के राजपत्र में 20 अप्रैल 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल 1954 की अधिसूचना सं. एफ. (8) 70/बी 5 और भारत सरकार के दिनांक 21 फरवरी, 1990 के असाधारण राजपत्र सं. 67 के अंतर्गत यथा संशोधित लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के नियम 18 के अनुसरण नवंबर 2000 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची खो गई आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है, जिसके संबंध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्टया आधार मौजूद है कि प्रतिभूतियां खो गयी हैं और आवेदकों का दावा न्यायोचित है। नीचे लिखे गये संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तत्काल मुख्य लेखाकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग, मुंबई को संसूचित करें।

सूची दो भागों में विभाजित की गई है भाग ''क'' में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गई हैं और भाग ''ख'' में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गई है।

सूची "क"

प्रतिभूतियों की सं.	मूल्य	जिस व्यक्ति के नाम जारी किया	बकाया ब्याज की तिथि	प्रतिभूति के भुगतान के लिए दावेदार का नाम	प्रतिलिपि आदेश तिथि तथा संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.
9% राहत बांड 1999 (कलकत्ता सर्किल)					
सीए - 1451	रु. 34,00,000/-	दिव्यानी सरकार (नाबालिग) चंपावती सरकार माता एवं स्वाभाविक अभिभावक	जून 2000 को समाप्त छमाही तक ब्याज का भुगतान किया गया है ।	दिव्यानी सरकार (नाबालिग)	फाइल सं. आई -2533 मुख्य प्रबंधक का दिनांक 22-11-2000 का आदेश (डायरी स. एलसीओ-76/2000-01 दिनांक 22-11-2000)
सीए - 1452	रु. 34,00,000/-	सुहासिनी सरकार (नाबालिग) चंपावती सरकार माता एवं स्वाभाविक अभिभावक	- वही -	सुहासिनी सरकार (नाबालिग)	फाइल सं. आई - 2534 मुख्य प्रबंधक का दिनांक 22-11-2000 का आदेश (डायरी सं. एलसीओ-75/2000-01 दिनांक 22-11-2000)

(श्रीमती एन. ए. अहलूवालिया)
कृते मुख्य महा प्रबंधक
27-12-2000

सूची क

कलकत्ता सर्किल

सीए - 1453	रु. 34,00,000/-	नीलिनी सरकार (नाबालिग) चंद्रावती सरकार माता एवं स्वाभाविक अभिभावक	- वही -	नीलिनी सरकार (नाबालिग)	फाइल सं. आई-2535 महा प्रबंधक का दिनांक 22-11-2000 का आदेश (डायरी सं. एलसीओ-74/2000-01 दिनांक 22-11-2000)
सीए - 1452	रु. 7,00,000/-	सरवाणी सरकार और अवीक कुमार सरकार	संचयी	सरवाणी सरकार और अवीक कुमार सरकार	फाइल सं. आई-2536 महा प्रबंधक का दिनांक 22-11-2000 का आदेश (डायरी सं. एलसीओ-73/2000-01 दिनांक 22-11-2000)
सीए - 1495	रु. 3,10,000/-	- वही -	- वही -	- वही -	- वही -
सीए - 1484	रु. 4,00,000/-	प्रतीती बसु सरकार एवं राखी सरकार	जून 2000 को समाप्त छमाही तक ब्याज का भुगतान किया गया ।	प्रतीती बसु सरकार एवं राखी सरकार	फाइल सं. आई-2537 महा प्रबंधक का दिनांक 22-11-2000 का आदेश (डायरी सं. एलसीओ-77/2000-01 दिनांक 22-11-2000)
10% राहत बांड 1995					
सीए - 8406	रु. 50,000/-	उत्पल गांगुली (दिनांक 19-9-1999 को दिवंगत) और आरती घोष	जून 2000 को समाप्त छमाही तक ब्याज का भुगतान किया गया	आरती घोष	फाइल सं. आई-2540 महा प्रबंधक का दिनांक 22-11-2000 का आदेश (डायरी सं. एलसीओ-78/2000-01 दिनांक 22-11-2000)
सीए - 8407	रु. 50,000/-	- वही -	- वही -	- वही -	- वही -
10% राहत पत्र 1993 (नई दिल्ली सर्किल)					
डीएच- 000181	रु. 75,000/-	अनवर उल्लाह खान एवम परवीन रशीद		परवीन रशीद	पीडीओ/डीटी/एलएन-8/20 दिनांक 17-11-2000

(श्रीमती एन. ए. अहले)
कृते मुख्य महा प्रबंधक
27-12-2000

सूची ख

प्रतिभूतियों की सं.	मूल्य	जिस व्यक्ति के नाम जारी किया	बक्रया ब्याज की तिथि	प्रतिभूति के भुगतान के लिए दावेदार का नाम	प्रतिलिपि आदेश तिथि तथा संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.
कानपुर सर्कल 9% राहत बांड 1999 (असंचयी)					
के.एन. 000271	रू.1,50,000/-	नितिन सरीन (माइनर) दवी सरीन (पिता)	1.7.1999	दवी सरीन (पिता)	आई.आर.1147/71 दिनांक 2.6.2000
10% राहत बांड 1995 (असंचयी)					
के.एन. 001268 से 1273	रू.1,00,000/- (प्रत्येक)	अजब कौर एवं हरनाम सिंह "इ" आर "एस"	17.3.98	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	आई.आर.1148/52 दिनांक 2.6.2000
के.एन. 001274 से 1287	रू.1,00,000/- (प्रत्येक)	अजब कौर एवं हरनाम सिंह "इ" आर "एस"	17.3.98	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	आई.आर.1148/52 दिनांक 2.6.2000
के.एन. 001505 से 1525	रू.1,00,000/- (प्रत्येक)	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	23.6.98	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	आई.आर.1148/52 दिनांक 2.6.2000
के.एन. 002044 से 2050	रू.1,00,000/- (प्रत्येक)	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	13.11.98	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	आई.आर.1148/52 दिनांक 2.6.2000

(श्रीमती एन. ए. अहमद)
कृते मुख्य महा प्रबंधक
27-12-2000

सूची 'ख'

कलकत्ता सर्किल 9% राहत बांड 1999(संचयी)					
सीएसी-002343	रू.25,000/-	ज्योति देब और मधुबाल देब	संचयी	ज्योति देब और मधुबाल देब	फाइल सं.आई-2539 महाप्रबंधक का दिनांक 14.10.2000 का आदेश दिनांक 14.10.2000 की डायरी सं.एलसीओ-47/2000-01 द्वारा
सीएसी-002769	रू.25,000/-	ज्योति देब और मधुबाल देब	संचयी	ज्योति देब और मधुबाल देब	वही
सीएसी-002342	रू.25,000/-	मधुबाल देब और ज्योति देब	संचयी	मधुबाल देब और ज्योति देब	वही
सीएसी-002768	रू.25,000/-	मधुबाल देब और ज्योति देब	संचयी	मधुबाल देब और ज्योति देब	वही
10% राहत बांड 1995					
सीए-8351	रू.1,00,000/-	सुजाश मजुमदार और रंजा मजुमदार	दिनांक 30 जून 2000 को समाप्त छमाही तक ब्याज का भुगतान किया गया है	सुजाश मजुमदार और रंजा मजुमदार	फाइल सं.आई-2541 महाप्रबंधक का दिनांक 28.10.2000 का आदेश दिनांक 28.10.2000 की डायरी सं.एलसीओ-59/2000-01
10 प्रतिशत राहत बांड 1995 (असंचयी) - अहमदाबाद सर्किल					
एडी-2069	रु. 2,75,000/-	1. उदय बाबुभाई पटेल और 2. भारंती उदय पटेल	खो जाने के पश्चात् 1-1-2000	1. उदय बाबुभाई पटेल और 2. भारंती उदय पटेल	एलएन/एस/0333 के.का. डायरी सं. 118 दिनांक 23-9-2000

(श्रीमती एन. ए. अहते)
कृते मुख्य महा प्रबंधक
27-12-2000

Gazette Nov.

भारतीय रिज़र्व बैंक
केन्द्रीय कार्यालय
सरकारी और बैंक लेखा विभाग
मुंबई

दिनांक 6.12.2000

भारत सरकार के राजपत्र में 20 अप्रैल 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल 1954 की अधिसूचना सं. एफ.(8) 70/बी 5 और भारत सरकार के दिनांक 21 फरवरी, 1990 के असाधारण राजपत्र सं. 67 के अंतर्गत यथा संशोधित लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के नियम 18 के अनुसरण अक्तूबर 2000 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची खो गई आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है , जिसके संबंध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्टया आधार मौजूद है कि प्रतिभूतियां खो गयी हैं और आवेदकों का दावा न्यायोचित है । नीचे लिखे गये संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तत्काल मुख्य लेखाकार, भारतीय रिज़र्व बैंक केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग, मुंबई को संसूचित करें ।

सूची दो भागों में विभाजित की गई है । भाग "क" में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गई है और भाग "ख" में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गई है ।

सूची "क"

प्रतिभूतियों की सं.	मूल्य	जिस व्यक्ति के नाम जारी किया	बकाया ब्याज की तिथि	प्रतिभूति के भुगतान के लिए दावेदार का नाम	प्रतिलिपि आदेश तिथि तथा संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.
कानपुर सर्कल 9% राहत बांड 1999 (असंचयी)					
के.एन. 000271	रू.1,50,000/-	नितिन सरीन (माइनर) दवी सरीन (पिता)	1.7.1999	दवी सरीन (पिता)	आई.आर.1147/71 दिनांक 2.6.2000

सूची "क"

10% राहत बांड 1995 (असंचयी)

के.एन. 001268 से 1273	रू.1,00,000/- (प्रत्येक)	अजब कौर एवं हरनाम सिंह "इ" आर "एस"	17.3.98	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	आई.आर.1148/57 दिनांक 2.6.2000
के.एन. 001274 से 1287	रू.1,00,000/- (प्रत्येक)	अजब कौर एवं हरनाम सिंह "इ" आर "एस"	17.3.98	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	आई.आर.1148/57 दिनांक 2.6.2000
के.एन. 001505 से 1525	रू.1,00,000/- (प्रत्येक)	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	23.6.98	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	आई.आर.1148/57 दिनांक 2.6.2000
के.एन. 002044 से 2050	रू.1,00,000/- (प्रत्येक)	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	13.11.98	हरनाम सिंह एवं अजब कौर	आई.आर.1148/57 दिनांक 2.6.2000
कलकत्ता सर्कल 9% राहत बांड 1999(संचयी)					
सीएसी-002343	रू.25,000/-	ज्योति देब और मधुबाल देब	संचयी	ज्योति देब और मधुबाल देब	फाइल सं.आई-2539 महाप्रबंधक का दिनांक 14.10.2000 का आदेश दिनांक 14.10.2000 की डायरी सं.एलसीओ-47/2000-01 द्वारा
सीएसी-002769	रू.25,000/-	ज्योति देब और मधुबाल देब	संचयी	ज्योति देब और मधुबाल देब	वही

सूची "क"

सीएसी-002342	रू.25,000/-	मधुबाल देब और ज्योति देब	संचयी	मधुबाल देब और ज्योति देब	वही
सीएसी-002768	रू.25,000/-	मधुबाल देब और ज्योति देब	संचयी	मधुबाल देब और ज्योति देब	वही
10% राहत बाड 1995					
सीए-8351	रू.1,00,000/-	सुजाश मजुमदार और रंजा मजुमदार	दिनांक 30 जून 2000 को समाप्त छमाही तक ब्याज का भुगतान किया गया है	सुजाश मजुमदार और रंजा मजुमदार	फाइल सं.आई-2541 महाप्रबंधक का दिनांक 28.10.2000 का आदेश दिनांक 28.10.2000 की डायरी सं.एलसीओ-59/2000-01

Gazette Oct.

पुन.पु.आदेश
(श्रीमती एन.ए. आलते)
कृते मुख्य महा प्रबंधक
6.12.2000.

सूची ख

प्रतिभूतियों की सं.	मूल्य	जिस व्यक्ति के नाम जारी किया	बकाया ब्याज की तिथि	प्रतिभूति के भुगतान के लिए दावेदार का नाम	प्रतिलिपि आदेश तिथि तथा संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.
10 प्रतिशत राहत बांड 1995 (असंचयी) - अहमदाबाद सर्किल					
एडी-2069	रु. 2,75,000/-	1. उदय बाबुभाई पटेल और 2. भारंती उदय पटेल	खो जाने के पश्चात् 1-1-2000	1. उदय बाबुभाई पटेल और 2. भारंती उदय पटेल	एलएन/एस/0333 के.का. डायरी सं. 118 दिनांक 23-9-2000
9 प्रतिशत राहत पत्र 1987 (जी.पी.) (भायखला, मुंबई) सर्कल					
बीसी-10425	रू.1,60,000/-	जोगिन्दर कौर कोहली मनमोहन सिंह चड्ढा	6.9.1990	जोगिन्दर कौर कोहली मनमोहन सिंह चड्ढा	2.3.2000
9 प्रतिशत राहत पत्र 1999 (असंचई) अहमदाबाद सर्कल					
एडी-001190	रू.70,000/-	1. क्रिष्णा रामानाथन 2. सुगुना रामानाथन 3. वैदेही रामानाथन	1.1.2000	1. क्रिष्णा रामानाथन 2. सुगुना रामानाथन 3. वैदेही रामानाथन	एलएन/एस/0334 के.का.डायरी सं.66 दिनांक 8.8.2000

पुन. पु. आहाले
(श्रीमती एन.ए.. आहाले)
कृते मुख्य महा प्रबंधक
6-12-2000

भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय
सचिव विभाग, मुंबई - 400001

भारतीय रिज़र्व बैंक, सामान्य विनियमावली, 1949 के विनियम 24 में संशोधन

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 58 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक का केन्द्रीय बोर्ड, केन्द्र सरकार की पूर्वस्वीकृति से एतद्द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक सामान्य विनियमावली, 1949 संशोधित करने के लिए निम्नानुसार विनियम करता है, अर्थात् :

1. (1) इन विनियमों को भारतीय रिज़र्व बैंक सामान्य (संशोधित) विनियमावली, 2000 कहा जाएगा ।

(2) ये विनियम भारतीय राजपत्र में प्रकाशित किये जाने पर दिनांक 19 अक्तूबर 2000 से प्रभावी होंगे ।

2. भारतीय रिज़र्व बैंक सामान्य विनियमावली, 1949 में विनियम 24 के मौजूदा उप-विनियम (i) और (ii) के स्थान पर निम्नलिखित विनियम प्रयोग में लाये जायेंगे ।

24(i) अधिनियम की धारा 8(1)(ख), 8(1)(ग) और 12(4) के अंतर्गत नामित निदेशकों को केन्द्रीय बोर्ड की प्रत्येक बैठक और केन्द्रीय बोर्ड की समिति की प्रत्येक बैठक, जिसमें वे भाग लेते हैं, के लिए क्रमशः 2000 रुपये और 1000 रुपये की फीस प्राप्त होगी।

24(ii) स्थानीय बोर्ड के सदस्यों को, स्थानीय बोर्ड की बैठक में उपस्थित रहने पर प्रति बैठक 2000 रुपये फीस प्राप्त होगी ।

(पी.आर.गोपाल राव)
कार्यपालक निदेशक

भारतीय रिज़र्व बैंक
लोक ऋण कार्यालय
मुंबई 400 001

अधिसूचना सं.लोऋका/.0.14.02/औद्योगिक वित्त निगम बांड, दिनांक 1 जनवरी 2000 2001

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948(1948 का 15 वां) के खंड 43 के अंतर्गत बनायी गयी औद्योगिक वित्त निगम (बांड निर्गम) विनियमावली 1949 के विनियम 10 के अनुसरण में दिनांक 31 दिसम्बर 2000 को समाप्त हुए छः माहों के लिए गुम हुए आदि बांडों की निम्नलिखित सूची इसके साथ प्रकाशित की जा रही हैं, जिनके संबंध में प्रथम दृष्ट्या यह मानने के लिये आधार है कि ये बांड खो गये हैं और आवेदकों के दावे न्याय संगत हैं। जिन दावेदारोंके नाम नीचे दिये गये है, उनसे भिन्न यदि किसी व्यक्ति को इन बांडों पर कोई भी दावा करना हो तो वे क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लोक ऋण कार्यालय, मुंबई 400 001 से तत्काल संपर्क करें। यह सूची दो भागों में विभाजित की गयी हैं, भाग क उन प्रतिभूतियों की सूची है, जिनका विज्ञापन पहली बार किया जा रहा है और भाग ख उन प्रतिभूतियों की सूची हैं जिनका विज्ञापन पहले किया जा चुका हैं।

प्रतिभूति की संख्या	मूल्य रु	निम्नलिखित के नाम जारी	निम्नलिखित दिनांक से ब्याज देय	चुकौती मूल्य के भुगतान / डुप्लीकेट जारी करने और उपचित ब्याज के भुगतान के लिए दावेदारों के नाम	जारी किये गये आदेशों की संख्या और दिनांक	प्रकाशन की वह तिथि जब प्रतिभूति का पहले उल्लेख किया गया
1	2	3	4	5	6	7
सूची क -			कुछ नहीं।			
सूची ख -						
7.25 प्रतिशत औद्योगिक वित्त निगम बांड, 1997						
1. बी वाई - 000908 - बी वाई 000910	3,00,000/- (3×1,00,000/-)	ए एन ज़ेड ग्रिंडलेज बैंक	29.9.1995	मधुर कॅपिटल और फायनान्स लि. अहमदाबाद	मामला सं. 20.04.2075 महाप्रबंधक के दिनांक 03.03.1999 के आदेश तथा उसी दिनांक की केंद्रीय कार्यालय डायरी सं. 718	31.07.1999
13 प्रतिशत औद्योगिक वित्त निगम बांड, 2008 (64 वी शृंखला)						
1 बी वाई 000077- बी वाई 000082	60,00,000/- (6 X 10,00,000)	भारतीय रिज़र्व बैंक	28.1.1996	न्यासी, भारत पेट्रोलियम निगम लि. की अवदान निधि	मामला सं.20.04.2034 महाप्रबंधक के दिनांक 8.1.1998 के आदेश और केंद्रिय कार्यालय डायरी सं.404 दिनांक 12.1.1998	14.02.1998

(अ.बी. तेलंग)
महाराष्ट्र और गोवा के क्षेत्रीय निदेशक

अधिसूचना

अधिकारी कर्मचारी (सेवानिवृत्ति के बाद गैर-सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नौकरियों की स्वीकृति) विनियम, 2000.

संख्या.औवि:2000-07. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और विद्यमान बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी (कर्मचारी) सेवा निवृत्ति पश्चात निजी क्षेत्र के संस्थानों में रोजगार स्वीकारना विनियम 1980, का अधिक्रमण करते हुए बैंक आफ इंडिया का निदेशक बोर्ड भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से, एतदद्वारा, निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :-

(१) इन विनियमों को बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (सेवानिवृत्ति के बाद गैर सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नौकरियों की स्वीकृति) विनियम, 2000 कहा जा सकेगा.

(२) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. प्रयोज्यता

ये विनियम, निम्नलिखित के सिवाय, बैंक के सभी अधिकारी कर्मचारियों पर लागू होंगे :

(I) बैंक का अध्यक्ष;

(II) बैंक का प्रबंध निदेशक;

(III) पूर्णकालिक निदेशक, यदि कोई हो;

(IV) बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 1995 के अंतर्गत शामिल अधिकारी कर्मचारी;

(V) वे, जो आकस्मिक रोजगार में हैं या जिन्हें आकस्मिकता निधि से भुगतान किया जाता है;

(VI) पंचाट कर्मचारी (अवार्ड स्टाफ);

(VII) संविदागत अधिकारी;

3. परिभाषाएं :-

इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :

(क) "बैंक" से बैंक ऑफ़ इंडिया अभिप्रेत है,

(ख) "बोर्ड" से बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक बोर्ड अभिप्रेत।

(ग) "सक्षम प्राधिकारी" से इन विनियमों के प्रयोजन के लिए बोर्ड द्वारा शक्ति प्रदत्त प्राधिकारी अभिप्रेत है,

(घ) "गैर-सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में रोजगार" से निम्नलिखित अभिप्रेत है :-

(I) किसी भी रूप में कोई रोजगार, जिसमें किसी कंपनी (बैंकिंग कंपनी सहित), सहकारी समिति, फर्म में एजेंट या व्यापार वाणिज्यिक, वित्तीय या व्यावसायिक कारबार में लगा व्यक्ति शामिल है और इसमें ऐसी कंपनी (बैंकिंग कंपनी सहित) का निदेशक और ऐसी फर्म की भागीदारी भी शामिल है, किन्तु इसमें केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार के पूर्ण या अधिकांश स्वामित्व वाले या नियंत्रण वाले किसी निगमित निकाय के अधीन रोजगार शामिल नहीं है,

(II) उन मामलों में, सलाहकार या परामर्शदाता के रूप में, या तो स्वतंत्र रूप से या किसी फर्म के भागीदार के रूप में, व्यवसाय शुरु करना, जिनके संबंध में व्यक्ति के पास :-

(क) कोई व्यावसायिक योग्यता नहीं है और वे मामले, जिनके संबंध में व्यवसाय शुरु किया जाना है या किया जाता है, उसके सरकारी ज्ञान या अनुभव से संबंधित है या

(ख) व्यावसायिक योग्यता है किन्तु, वे मामले, जिनके संबंध में ऐसा व्यवसाय शुरु किया जाना है, इस तरह के है, जिनसे उसकी पूर्व सरकारी हैसियत की वजह से उसके ग्राहकों को अनुचित लाभ मिलने की संभावना है, या

(ग) उसे ऐसा कार्य शुरु करना है, जिसमें बैंक के कार्यालयों या अधिकारियों के साथ संबंध या सम्पर्क करना शामिल है

स्पष्टीकरण :-

इस खण्ड के प्रयोजन के लिए, "निगमित समिति में रोजगार" अभिव्यक्ति में अध्यक्ष (प्रेसीडेंट), सभापति (चेयरमैन), प्रबंधक, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि, उस समिति में चाहे जिस नाम से पुकारा जाता हो, जैसा कोई पद धारित करना, चाहे चयनित हो या अन्यथा शामिल है,

(ङ) "अधिकारी कर्मचारी" का आशय ऐसे व्यक्ति से है जो बैंक में पर्यवेक्षक, प्रशासक या प्रबंधकीय पद पर रहा हो या कोई अन्य व्यक्ति जिसे सेवानिवृत्ति के समय बैंक के अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया हो या जिसने अधिकारी के रूप में कार्य किया हो चाहे उसका पदनाम कुछ भी हो,

4. सेवानिवृत्ति के बाद रोजगार स्वीकार करना

(1) यदि कोई व्यक्ति अपनी सेवानिवृत्ति के तत्काल पहले अधिकारी कर्मचारी के पद पर रहा हो और अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से दो वर्ष समाप्त होने के पहले निजी क्षेत्र में कोई कार्य स्वीकार करने का इच्छुक हो तो उसे इस संबंध में बैंक से पूर्वानुमति लेनी होगी.

(2) उप विनियमन (3) के प्रावधानों के अध्यधीन, बैंक किसी व्यक्ति द्वारा दिए गए आवेदन पत्र पर लिखित आदेश द्वारा ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जो आवश्यक हों, किसी व्यक्ति को आवेदन पत्र में विनिर्दिष्ट निजी क्षेत्र में कार्य करने के लिए अनुमति प्रदान कर सकता है, या मना कर सकता है, जिसका कारण आदेश में रिकार्ड किया जाएगा.

(3) किसी व्यक्ति को उप विनियमन (2) के अंतर्गत कोई व्यावसायिक रोजगार अपनाए जाने की अनुमति देने या इस प्रकार की अनुमति से मना करने पर बैंक निम्नलिखित कारकों को ध्यान में रखेगा नामतः

(क) अपनाए जाने वाले प्रस्तावित रोजगार की प्रकृति तथा नियोक्ता के पूर्ववृत्त;

(ख) क्या अपनाए जाने वाले रोजगार की प्रकृति इस प्रकार की हो सकती है कि बैंक के साथ उसका संघर्ष हो;

(ग) क्या अधिकारी कर्मचारी, जबकि वह सेवा में था, ने उस नियोक्ता के साथ, जिसके तहत उसे कार्य करना प्रस्तावित है, कोई इस प्रकार का लेनदेन किया था जिससे इस प्रकार का शक होने का तर्कसंगत आधार बने कि ऐसे व्यक्ति ने ऐसे नियोक्ता के प्रति पक्षपात दर्शाया हो;

(घ) क्या प्रस्तावित व्यावसायिक रोजगार की प्रकृति इस प्रकार की है जिसमें बैंक के साथ संबंध या सम्पर्क रहेगा;

(ङ) क्या उसके व्यावसायिक रोजगार इस प्रकार के हैं जिसमें बैंक के तहत उसकी पूर्व आधिकारिक स्थिति या ज्ञान या अनुभव का प्रस्तावित नियोक्ता, अनुचित लाभ उठा सकता है;

(च) प्रस्तावित नियोक्ता द्वारा प्रदान की जाने वाली परिलब्धियां, और

(छ) कोई अन्य संबंधकारक.

4. जहां उप विनियमन (2) के अंतर्गत किसी आवेदन की प्राप्ति की तारीख के साठ दिनों की अवधि के भीतर यदि बैंक आवेदन पर अनुमति नामंजूर नहीं करता है या आवेदक को इस नामंजूरी के बारे में सूचित नहीं करता है तो ऐसा समझा जाएगा कि बैंक ने आवेदन पत्र के संबंध में अपनी अनुमति प्रदान कर दी है,

बशर्ते कि, किसी ऐसे मामले में जहां कि आवेदक द्वारा त्रुटिपूर्ण या अपर्याप्त सूचना दी गई है और बैंक के लिए उससे स्पष्टीकरण या और सूचना मांगना आवश्यक हो तो साठ दिन की अवधि उस तारीख से गिनी जाएगी जिस तारीख को ऐसी त्रुटि आवेदक ने दूर कर दी या पूर्ण सूचना दे दी.

5. जहां बैंक किसी शर्त के अध्यधीन आवेदन किए गए प्रयोजन की अनुमति प्रदान करता है या ऐसी अनुमति देने से मना करता है तो आवेदक बैंक से ऐसे आशय के आदेश की प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर ऐसी किसी शर्त या मनाही के विरुद्ध अभ्यावेदन कर सकता है और बैंक उस पर ऐसा आदेश करेगा जैसा वह उचित समझे,

बशर्ते कि, इस उप विनियमन के तहत ऐसी शर्त को रद्द करनेवाला आदेश या बिना किसी शर्त के ऐसी अनुमति प्रदान करनेवाले आदेश के अलावा ऐसा कोई आदेश नहीं दिया जाएगा जिससे कि अभ्यावेदन करने वाले व्यक्ति को ऐसे प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध कारण बताओ का अवसर न प्रदान किया जा सके.

6. इस विनियमन के तहत बैंक द्वारा पारित किए गए प्रत्येक आदेश को संबंधित व्यक्ति को सूचित किया जाएगा.

(जे. एस. दलाल)
उप महाप्रबंधक

केनरा बैंक
औद्योगिक संबंध अनुभाग
कार्मिक विभाग : प्रधान कार्यालय
112, जे सी रोड, बैंगलूर - 560 002

दिनांक 4/12/... 2000

जी एस आर सं औ.सं.अनु/124सी/6479/एल एके... बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केनरा बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ : (1) इन विनियमों को केनरा बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) संशोधन विनियम, 2000 कहा जा सकेगा ।

   (2) ये सरकारी राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. केनरा बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियम, 1976 में, विनियम 6 में, उप-विनियम (2) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :

   (2) जब कभी अनुशासनिक प्राधिकारी की राय हो कि किसी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ दुराचरण या कदाचार के किसी अभ्यारोपण की सत्यता की जांच करने के लिए आधार है, तो वह स्वयं उसकी सत्यता की जांच कर सकेगा या किसी अन्य व्यक्ति, जो लोक सेवक है या रहा हो (जिसे इसमें इसके पश्चात् जांच प्राधिकारी कहा गया है) को उसकी सत्यता की जांच करने के लिए नियुक्त कर सकेगा ।

स्पष्टीकरण :

जब अनुशासनिक प्राधिकारी स्वयं जांच करता है तो उप-विनियम (8) से लेकर उप-विनियम (21) तक में जांच प्राधिकारी के प्रति किसी निर्देश का अर्थ यह लगाया जाएगा कि वह अनुशासनिक प्राधिकारी के प्रति निर्देश है ।

याद टिप्पणी : उपर्युक्त विनियमों में पहले किए गए संशोधन निम्नलिखित विवरण के अनुसार राजपत्रित किए गए थे ।

1. अधिसूचना संख्या 8 एच ओ 88 जी एस आर दि. 01/02/1988

2. अधिसूचना संख्या आई आर एस डी पी 326/88/जी एस आर दि. 06/07/1988

3. अधिसूचना संख्या आई आर एस 1 9926 एन ए के दि. 11/04/1998

श्रीनाथ
एन एस श्रीनाथ
सहायक महा प्रबंधक

बेंगलूर - 560 002 दिनांक 04/12/.... 2000

सं. औ.सं.अनु/124ए/6480/एन ए के ...... बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केनरा बैंक का निदेशक मण्डल भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से केनरा बैंक अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियमन 1976 में संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा, निम्नलिखित विनियमन बनाता है नामतः

1. (1) इन विनियमनों को केनरा बैंक अधिकारी कर्मचारी (आचरण) संशोधन विनियमन 2000 कहा जा सकेगा ।

   (2) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होंगे ।

2. केनरा बैंक के अधिकारी (आचरण) विनियमन 1976 में विनियम 24 के बाद निम्नलिखित विनियम जोड़ा जाएगा नामतः

   24 (क) कामकाजी महिलाओं के यौन शोषण का निषेध

   (1) कोई भी अधिकारी कर्मचारी किसी महिला के कार्य के स्थान के किसी प्रकार के यौन शोषण के कार्य में लिप्त नहीं होगा ।

   (2) प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी जो किसी कार्य के स्थान का प्रभारी है, ऐसे स्थान पर किसी महिला के यौन शोषण को रोकने के लिए प्रभावी उपाय करेगा ।

व्याख्या : इस विनियम के लिए यौन शोषण में अस्वीकार्य यौन संबंधी व्यवहार (चाहे वे प्रत्यक्ष रूप से किए गए हों या अन्यथा) शामिल हैं जैसे .....

(क) शारीरिक संबंध बनाना या ऐसा प्रस्ताव रखना,
(ख) यौन संबंधी क्रियाओं के लिए अनुरोध या मांग करना,
(ग) यौन संबंधी टिप्पणियां करना,
(घ) अश्लील साहित्य दर्शाना, या
(ङ) किसी अन्य प्रकार का अस्वीकार्य शारीरिक, मौखिक या गैर मौखिक यौनाचार आचरण ।

पाद टिप्पणी : भारत के राजपत्र के भाग III धारा 4 में उपर्युक्त विनियमों में पहले किए गए संशोधन निम्नलिखित विवरण के अनुसार राजपत्रित किए गए थे :

1. अधिसूचना संख्या 8एचओ/एमआईएससी/5020/88-06/08/1988
2. अधिसूचना दि. 29/06/1991
3. अधिसूचना संख्या आईआरएस/1/1872/डीआरडी-9/10/1993

एन एस श्रीनाथ
सहायक महा प्रबंधक

बेंगलूर - 560 002, दिनांक : 30.12.2000

सं.औ.सं.अनु/124पे/6996/पनपेके बैंककारी कम्पनी अधिनियम (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केनरा बैंक का निदेशक मंडल भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से केनरा बैंक अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियम 1976 में संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है नामत:

1. (i) इन विनियमों को केनरा बैंक अधिकारी कर्मचारी (आचरण) संशोधन विनियम 2000 कहा जा सकेगा ।

(ii) ये विनियम राजपत्र के प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होंगे ।

2. केनरा बैंक के अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियम 1976 में --

(i) विनियम 3 के उप नियम (1) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, नामतः

"प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी बैंक के हितों को सुनिश्चित करने एवं उनकी की रक्षा करने के लिए सदैव सभी संभव उपाय करेगा तथा अपना कार्य पूरी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, निष्ठा एवं तत्परता से करेगा तथा ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा जो एक अधिकारी कर्मचारी के लिए अशोभनीय हो ।"

(ii) विनियम 3 के उप नियम (3) के बाद निम्नलिखित उपबंध जोड़ा जाएगा, नामतः

बशर्ते कि जहाँ ऐसे निदेश मौखिक रूप से दिए जाएँ, इन निदेशों की पुष्टि उसके वरिष्ठ अधिकारी द्वारा लिखित रूप में की जाएगी ।

(iii) विनियम 6 के उप-विनियम (1) में विद्यमान उपबंध के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामतः

"किन्तु ऐसी कोई मंजूरी के बिना कोई अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक या धर्मार्थ अवैतनिक कार्य या साहित्यिक, कलात्मक, वैज्ञानिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, धार्मिक या सामाजिक प्रकार के प्रासंगिक कार्य कर सकता है, बशर्ते कि उससे उसकी कार्यालय ड्यूटियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े । लेकिन यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके लिए कारण बताते हुए ऐसा न किए जाने का अनुदेश दिया जाता है तो वह ऐसा कार्य नहीं करेगा या जारी नहीं रखेगा ।"

(iv) विनियम 6 के उप-विनियम (4) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा नामतः

"(4) सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना कोई भी अधिकारी कर्मचारी किसी सार्वजनिक निकाय या किसी प्राइवेट व्यक्ति के लिए अपने द्वारा किए गए कार्य के लिए शुल्क, पारिश्रमिक, मानदेय एवं ऐसे किसी रूप में नकद अथवा इस प्रकार का कोई भुगतान स्वीकार नहीं करेगा ।"

एल एस श्रीनाथ

सहायक महा प्रबंधक

पाद टिप्पणी : उक्त विनियमों में पहले किए गए आशोधनों को भारत के राजपत्र के भाग III खंड 4 में प्रकाशित किया गया है, जिनका ब्योरा नीचे दिया गया है :

1) अधिसूचना सं. बीएचओ/विविध/5020/88 - 6.8.1988
2) अधिसूचना दिनांक 29.6.1991
3) अधिसूचना सं. आईआरएस/1/1872/डीआरडी - 9.10.1993

कलकत्ता - 700 001 दिनांक 29-11-2000

सं. 4/2000- युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक मंडल, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श करके और केन्द्र सरकार की पूर्व संस्वीकृति से, युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी-कर्मचारी (आचरण) विनियम, 1976 में संशोधन करने के लिए आगे निम्नलिखित विनियम बनाता है जो इस प्रकार है :-

1. (1) इन विनियमो का नाम युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी-कर्मचारी (आचरण) संशोधन विनियम, 2000 है ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र मे उनके प्रकाशन की तिथि को प्रभावी होंगे ।

2. युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी-कर्मचारी (आचरण) विनियम, 1976 में विनियम 24 के बाद, निम्नलिखित विनियम अंतर्विष्ट होगा, जो इस प्रकार है :-

"24क सेवारत महिलाओं के यौन उत्पीड़न का वर्जन .

(1) कोई भी अधिकारी-कर्मचारी किसी महिला के उसके कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के कार्य में लिप्त नही होगा ।

(2) प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी जो कि किसी कार्यस्थल का प्रभारी है, वह ऐसे कार्यस्थल पर किसी भी महिला का यौन उत्पीड़न रोकने के लिए समुचित कदम उठाएगा ।

स्पष्टीकरण इस विनियम के उद्देश्य के लिए, "यौन उत्पीड़न" में ऐसे अवांछित यौन निर्धारित व्यवहार शामिल होंगे (चाहे प्रत्यक्ष रूप से अथवा अन्यथा), जो नीचे उल्लिखित हैं :-

(क) शारीरिक संपर्क और उससे आगे बढ़ना;
(ख) यौनाचार हेतु मांग अथवा अनुरोध;
(ग) यौनेच्छापरक टिप्पणियां;
(घ) अश्लील तस्वीर दिखाना; अथवा
(ङ) कामप्रवृत्ति का कोई और अवांछित शारीरिक, मौखिक अथवा अमौखिक इंगितपरक आचरण ।

दीपक कुमार भट्टाचार्जी
(डी.के. भट्टाचार्य)
महाप्रबंधक (कार्मिक)

बेंगलूर, दिनांक : 24.11.2000

सं. पी ई आर/आईआरडी/2853. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980(1980 का 40) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए, विजया बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से और केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से, विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी(आचरण) विनियम, 1981 में संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा नीचे उल्लिखित विनियम बनाता है अर्थात्:

1. (1) इन विनियमो को विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी(आचरण) संशोधन विनियम, 2000 कहा जाए।

(2) ये विनियम राजपत्र मे प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगे.

2. विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी(आचरण) विनियम, 1981 मे विनियम 24 के बाद, नीचे उल्लिखित विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात्, ;

24(क) कामकाजी महिलाओं के यौन शोषण का निषेध:

(1) कोई भी अधिकारी कर्मचारी, किसी महिला के कार्य स्थान मे किसी प्रकार का यौन शोषण नहीं करेगा.

(2) ऐसे हर एक अधिकारी कर्मचारी को, जो किसी कार्य स्थान का प्रभारी हो, अपने कार्य स्थान मे किसी महिला पर यौन शोषण होने से रोकने के लिए उचित कदम उठाना पड़ेगा.

व्याख्या : इस विनियम के प्रयोजन के लिए, " यौन शोषण " मे अस्वीकार्य यौन संबंधी ऐसे व्यवहार (चाहे वे प्रत्यक्ष रूप से किए गए हो अथवा अन्यथा) शामिल हैं जैसे:

(क) शारीरिक संबंध बनाना या ऐसा प्रस्ताव रखना,
(ख) यौन संबंधी क्रियाओ के लिए अनुरोध या मांग करना,
(ग) यौन संबंधी टिप्पणियां करना,
(घ) अश्लील साहित्य दर्शाना, या
(ङ) किसी अन्य प्रकार का अस्वीकार्य शारीरिक, मौखिक या गैर मौखिक यौनाचरण.

बी. श्रीधर रेड्डी

(बी. श्रीधर रेड्डी)
महा प्रबंधक (कार्मिक)

मुंबई - 400 005. दिनांक :- 18-12-2000

सं.पेंन/संशो./01/2000 बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए देना बैंक का निदेशक मण्डल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से देना बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियमन, 1995 में संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा, निम्नलिखित विनियमन बनाता है यानतः

1. (1) इन विनियमनों को देना बैंक (कर्मचारी) पेंशन (संशोधन) विनियमन, 2000 कहा जा सकेगा।

(2) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होंगे ।

2. देना बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियमन, 1995 में विनियम 22 के उपविनियम (4) के खण्ड (ख) को निम्नलिखित खण्ड से प्रतिस्थापित किया जाएगा, यानतः-

"(ख) खण्ड (क) की कोई भी बात त्याग पत्र पदच्युति या सेवा से हटाए जाने के कारण हुए व्यवधान पर लागू नहीं होगी ।"

पाद टिप्पणी :- प्रधान विनियमन भारत सरकार के असामान्य राजपत्र दिनांक 29 सितंबर, 1995 में प्रकाशित किए गए थे ।

बी बन्द्योपाध्याय

(बी. बंद्योपाध्याय)
उप महाप्रबंधक (कार्मिक)

सं.आईआर/संशो./01/2000 बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए देना बैंक का निदेशक मण्डल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से देना बैंक अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियमन, 1976 में संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा, निम्नलिखित विनियमन बनाता है यानतः

1. (1) इन विनियमनों को देना बैंक अधिकारी कर्मचारी (आचरण) संशोधन विनियमन, 2000 कहा जा सकेगा।

(2) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होंगे ।

2. देना बैंक के अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियमन, 1976 में विनियम 24 के बाद निम्नलिखित विनियम जोड़ा जाएगा यानतः

24 (क) कामकाजी महिलाओं के यौन शोषण का निषेध

(1) कोई भी अधिकारी कर्मचारी किसी महिला के कार्य के स्थान के किसी प्रकार के यौन शोषण के कार्य में लिप्त नहीं होगा ।

(2) प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी जो किसी कार्य के स्थान का प्रभारी है, ऐसे स्थान पर किसी महिला के यौन शोषण को रोकने के लिए प्रभावी उपाय करेगा ।

व्याख्या इस विनियम के लिए यौन शोषण में अस्वीकार्य यौन संबंधी व्यवहार (चाहे वे प्रत्यक्ष रूप से किए गए हों या अन्यथा) शामिल हैं जैसे .....

(क) शारीरिक संबंध बनाना या ऐसा प्रस्ताव रखना,

(ख) यौन संबंधी क्रियाओं के लिए अनुरोध या मांग करना,

(ग) यौन संबंधी टिप्पणियां करना,

(घ) अश्लील साहित्य दर्शाना, या

(ङ) किसी अन्य प्रकार का अस्वीकार्य शारीरिक, मौखिक या गैर मौखिक अनाचार आचरण ।

बी बन्द्योपाध्याय

(बी. बंद्योपाध्याय)

उप महाप्रबंधक (कार्मिक)

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्
पूर्व क्षेत्रीय समिति
(भारत सरकार का एक विधिक संस्थान)
15, नीलकंठ नगर, नयापल्ली, भुवनेश्वर - 751012
फैक्स - (0674) 414873, फोन -(0674) 416156, 415793
ई मेल - vkaerc@hotmail.com visit us at http:/ / www.ncte-in.org

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1404 दिनांक 29.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **दूधनोल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज , पो. दूधनोल, जि. ग्वालपाड़ा -783124 (असम)** ने एक वर्षीय **बी एड पाठ्यक्रम** की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि पूर्व क्षेत्रीय समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय समिति द्वारा गठित दल ने 13.12.99 को आवेदक संस्था का दौरा किया ।

और जब कि दौरे पर गये दल की रिपोर्ट एवं संस्था द्वारा प्रदत्त अन्य संबद्ध सामग्री पर 23-24 मार्च 2000 को क्षेत्रीय समिति ने विचार कर मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती । और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 3.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन प्रदान करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्था ने 20.4.2000 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया । संस्था का उक्त अभ्यावेदन तथा प्रदत्त अन्य प्रलेख पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार कर इस निर्णय पर पहुँची कि संस्था की मान्यता निम्न कारणों से अस्वीकार की जाय :

1. कंप्यूटर, मनोविज्ञान एवं विज्ञान प्रयोगों हेतु कोई बहुउद्देश्यीय प्रयोगशाला नहीं है ।
2. शिक्षकों को एनसीटीई द्वारा संस्तुत यूजीसी/ राज्य सरकार वेतमानों के विरुद्ध 1000/रु. समेकित वेतन प्रतिमाह दिया जाता है।
3. कामनरूम, पेयजल, हास्टल आदि की मूलभूत सुविधा नहीं है ।
4. कक्षाओं में फर्नीचर एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप उपलब्ध नहीं है ।
5. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप 1500 की बजाय लाइब्रेरी में सिर्फ 337 पुस्तकें ही हैं ।
6. संस्थान में खेलकूद की कोई सुविधा नहीं है ।
7. संस्थान में कोई तकनीकी सहायक स्टाफ नहीं है ।
8. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप अक्षयनिधि तथा सुरक्षानिधि नहीं रखी जाती ।

अब, अतः, एतद्वारा यह आदेश किया जाता है कि **दूधनोल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज , पो. दूधनोल, जि. ग्वालपाड़ा -783124 (असम)** को बी एड हेतु मान्यता एतद्वारा अस्वीकार की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

क्षेत्रीय निदेशक

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1409 दिनांक 28.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **स्पोंसर्ड टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, देशबंधु रोड, पो. पुरुलिया -723101 (प. बंगाल)** ने एक वर्षीय **बी एड कोर्स** की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि पूर्व क्षेत्रीय समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय समिति द्वारा गठित दल ने 7.2.2000 को आवेदक संस्था का दौरा किया ।

और जब कि दौरे पर गई टीम की रिपोर्ट एवं संस्था द्वारा प्रदत्त अन्य संबद्ध सामग्री पर 23-24 मार्च 2000 को क्षेत्रीय समिति ने विचार कर मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती । और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 3.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्थान ने 19.4.2000 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया । संस्था का उक्त अभ्यावेदन तथा प्रदत्त अन्य प्रलेख पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार कर इस निर्णय पर पहुँची कि संस्थान की मान्यता निम्न कारणों से अस्वीकार की जाये :

1. 200 की अंतर्ग्रहण क्षमता पर 20 की आवश्यकता में सिर्फ तीन पूर्णकालिक नियमित अध्यापक संस्थान में हैं।
2. तकनीकी सहायक स्टाफ मानदंडों के अनुरूप नहीं है ।
3. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप प्रयोगशाला सज्जित नहीं है ।

अब, अतः, एतद्वारा यह आदेश दिया जाता है कि **स्पोंसर्ड टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, देशबंधु रोड, पो. पुरुलिया - 723101 (प. बंगाल)** की **बी एड कोर्स** की मान्यता एतद्वारा अस्वीकार की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

क्षेत्रीय निदेशक

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1410 दिनांक 28.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **सिलिगुड़ी बी एड कालेज , पो. कदमताला, जि. दार्जलिंग -734433 (प. बंगाल)** ने एक वर्षीय **बी एड कोर्स** की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि समिति ने शैक्षिक सत्र 1999-2000 के लिए 120 अंतर्ग्रहण क्षमता हेतु सशर्त मान्यता प्रदान की थी ।

और जब कि जाँच दल की रिपोर्ट एवं संस्था द्वारा प्रदत्त अन्य संबद्ध सामग्री तथा 4.12.99 की अनुपालन रिपोर्ट पर 23-24 मार्च 2000 को क्षेत्रीय समिति ने विचार कर मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती । और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 3.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन प्रदान करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्था ने 15.4.2000 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया । संस्था का उक्त अभ्यावेदन तथा प्रदत्त अन्य प्रलेख पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार कर इस निर्णय पर पहुँची कि संस्था की मान्यता निम्न कारणों से प्रत्याहृत की जाय :

1. 165 की अंतर्ग्रहण क्षमता पर 16 की आवश्यकता में सिर्फ एक पूर्णकालिक नियमित अध्यापक संस्थान में है ।
2. तकनीकी सहायक स्टाफ नहीं है ।

अब, अत:, एतद्वारा यह आदेश दिया जाता है कि **सिलिगुड़ी बी एड कालेज , पो. कदमताला, जि. दार्जलिंग -734433 (प. बंगाल)** की **बी एड कोर्स** की मान्यता एतद्वारा प्रत्याहृत की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

क्षेत्रीय निदेशक

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1411 दिनांक 28.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्थाआनंद चंद्र ट्रेनिंग कालेज, पो./जि. जलपाई गुड़ी -735101 (प. बंगाल) ने एक वर्षीय बी एड कोर्स की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि समिति ने शैक्षिक सत्र 1999-2000 के लिए 122 अंतर्ग्रहण क्षमता हेतु सशर्त मान्यता प्रदान की थी ।

और जब कि दौरे पर गई टीम की रिपोर्ट एवं अनुपालन रिपोर्ट दि. 28.2.2000 तथा संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई अन्य सामग्री पर 23-24 मार्च 2000 को क्षेत्रीय समिति ने विचार कर मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 3.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन प्रदान करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्था ने 22.4.2000 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया । संस्था का उक्त अभ्यावेदन तथा प्रदत्त अन्य प्रलेख पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार कर इस निर्णय पर पहुँची कि संस्थान को मान्यता निम्न कारणों से प्रत्याहृत की जाय :

1. प्राचार्य का पद खाली पड़ा है ।
2. 122 अंतर्ग्रहण क्षमता पर 12 की आवश्यकता की जगह संस्थान में सिर्फ 2 पूर्णकालिक नियमित अध्यापक है ।

अब ,अत:, एतद्वारा यह आदेश दिया जाता है कि **आनंद चंद्र ट्रेनिंग कालेज, पो./जि. जलपाई गुड़ी - 735101 (प. बंगाल)** की **बी एड कोर्स** की मान्यता एतद्वारा प्रत्याहृत की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

क्षेत्रीय निदेशक

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1412 दिनांक 28.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **डिस्टेंस एजूकेशन सेंटर, ब्रह्मपुर युनिवर्सिटी, भंज बिहार, ब्रह्मपुर ,जिला गंजाम 760007 (ओड़िशा)** ने एक वर्षीय **एम एड कोर्स (डिस्टेंस एजूकेशन मोड)** की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि पूर्व क्षेत्रीय समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय समिति द्वारा गठित दल ने 24.3.2000 को आवेदक संस्था का दौरा किया ।

और जब कि दल की रिपोर्ट एवं संस्था द्वारा प्रदत्त अन्य संबद्ध सामग्री पर 23-24 मार्च 2000 को क्षेत्रीय समिति ने विचार कर मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती । और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 4.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन प्रदान करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्था ने 25.4.2000 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया । संस्था का उक्त अभ्यावेदन तथा प्रदत्त अन्य प्रलेख पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार किया तथा यह निर्णय लिया कि संस्था की मान्यता निम्न कारणों से अस्वीकार कर दी जाय :

1. विश्वविद्यालय केंद्र में 5 पूर्णकालिक अध्यापकों की जगह कोई नियमित अध्यापक इस कोर्स के लिए नहीं है ।
2. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप कोई तकनीकी स्टाफ नहीं ।
3. एम एड कोर्स हेतु विश्वविद्यालय में कोई अलग से आवास नहीं है ।
4. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप कोई सामग्री निर्माण केंद्र नहीं है ।
5. संस्थान इस कोर्स से 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष लाभ कमाती है , इस प्रकार इसे व्यावसायिक धारा में चला रही है ।
6. एनसीटीई द्वारा निर्धारित प्रवेश आधार को पालन नहीं किया जाता ।

अब, अतः, एतद्वारा यह आदेश दिया जाता है कि **डिस्टेंस एजूकेशन सेंटर, ब्रह्मपुर युनिवर्सिटी, भंज बिहार, ब्रह्मपुर , जिला गंजाम -760007 (ओड़िशा)** की **एम एड (डिस्टेंस एजूकेशन पद्धति) कोर्स** की मान्यता एतद्वारा अस्वीकार की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

क्षेत्रीय निदेशक

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1413 दिनांक 29.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **आर. एम. डेका इंस्टीच्यूट आफ एजूकेशन, चेनीकुटी, गुवाहाटी,- 781003 (असम)** ने एक वर्षीय **बी एड कोर्स** की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि समिति ने शैक्षिक सत्र 1999-2000 के लिए 60 अंतर्ग्रहण क्षमता हेतु तदर्थ मान्यता आदेश दि. 18.2.99 के अंतर्गत प्रदान की थी ।

और जब कि पूर्व क्षेत्रीय समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय समिति द्वारा गठित दल ने 16.12.99 को आवेदक संस्था का दौरा किया ।

और जब कि दल की रिपोर्ट एवं संस्था द्वारा प्रदत्त अन्य संबद्ध सामग्री पर विचार कर 23-24 मार्च 2000 को क्षेत्रीय समिति ने मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती । और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 3.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन प्रदान करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्था ने 22.4.2000 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया । संस्था का उक्त अभ्यावेदन तथा प्रदत्त अन्य प्रलेख पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार कर यह निर्णय लिया कि संस्थान की मान्यता निम्न कारणों से प्रत्याहृत की जाय :

1. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप नियमित पारी में 6 घंटे के बजाय 2.15 से. 7.15 सायं संस्थान कार्य करता है ।
2. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप कोई प्रयोगशाला नहीं ।
3. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप 1500 की बजाय लाइब्रेरी में सिर्फ 850 पुस्तकें ही हैं ।
4. कामनरूम, हास्टल आदि की सुविधा शिक्षकों और छात्रों हेतु नहीं है ।
5. शैक्षिक स्टाफ में 5 शिक्षकों के पास शिक्षा में उपाध्युत्तर डिग्री नहीं है, अत: एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप योग्य नहीं हैं ।
6. शिक्षकों को एनसीटीई द्वारा संस्तुत यूजीसी/ राज्य सरकार वेतमानों के विरुद्ध 1500/रु. समेकित प्रतिमाह वेतन दिया जाता है ।
7. संस्था में एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप अक्षयनिधि अथवा सुरक्षानिधि नहीं है ।

अब, अत:, एतद्वारा यह आदेश दिया जाता है कि **आर. एम. डेका इंस्टीच्यूट आफ एजूकेशन, चेनीकुटी, गुवाहाटी, (असम)** की बी एड हेतु मान्यता एतद्वारा प्रत्याहृत की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

क्षेत्रीय निदेशक

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1414 दिनांक 28.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **झाड़ग्राम गवर्नमेंट पी टी टी आई, पो. झाड़ग्राम, जि. मिदनापुर -721507 (प. बंगाल)** ने एक वर्षीय प्रायमरी टीचर्स ट्रेनिंग कोर्स की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि समिति ने शैक्षिक सत्र 1999-2000 के लिए 60 अंतर्ग्रहण क्षमता हेतु तदर्थ मान्यता प्रदान की थी ।

और जब कि 9.10.1999 की अनुपालन रिपोर्ट एवं संस्था द्वारा प्रदत्त अन्य संबद्ध सामग्री पर 23-24 मार्च 2000 की क्षेत्रीय समिति ने विचार कर मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती । और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 3.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन प्रदान करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्था ने 11.5.2000 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया । संस्था का उक्त अभ्यावेदन तथा प्रदत्त अन्य प्रलेख पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार कर इस निर्णय पर पहुँची कि संस्थान की मान्यता निम्न कारणों से प्रत्याहृत की जाये :

1. संस्थान में 50 की अंतर्ग्रहण क्षमता हेतु 4 की जगह सिर्फ दो पूर्ण कालिक शिक्षक हैं ।
2. भवन एनसीटीई मानदंडों के अनुसार नहीं है ।
3. लाइब्रेरी एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप समृद्ध नहीं है ।
4. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप बहुउद्देश्यीय प्रयोगशाला समृद्ध नहीं है ।
5. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप तकनीकी सहायक स्टाफ उपलब्ध नहीं है ।

अब, अतः, एतद्वारा यह आदेश दिया जाता है कि **झाड़ग्राम गवर्नमेंट पी टी टी आई, पो. झाड़ग्राम, जि. मिदनापुर -721507 (प. बंगाल)** की प्रायमरी टीचर्स ट्रेनिंग कोर्स की मान्यता एतद्वारा प्रत्याहृत की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

6/12

क्षेत्रीय निदेशक

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1419 दिनाङ्क 29.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **नवोदय इंस्टीच्यूट आफ एजूकेशन, लास्टगेट, दिसपुर, पो. असम सचिवालय, गुवाहाटी, जि. कामरूप -781006 (असम)** ने एक वर्षीय **बी एड कोर्स** की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि पूर्व क्षेत्रीय समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय समिति द्वारा गठित जाँच दल ने 10.12.99 को आवेदक संस्था का दौरा किया ।

और जब कि जाँच दल की रिपोर्ट एवं संस्था द्वारा प्रदत्त अन्य संबद्ध सामग्री पर 23-24 मार्च 2000 को क्षेत्रीय समिति ने विचार कर मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 4.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन प्रदान करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्था ने धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 4.4.2000 की नोटिस का उत्तर नहीं दिया।

और जब कि संस्था से 4.4.2000 की नोटिस का उत्तर नहीं मिला । उपलब्ध प्रलेखों पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार कर इस निर्णय पर पहुँची कि संस्थान की मान्यता निम्न कारणों से अस्वीकार की जाय :

1. संस्था से 4.4.2000 के नोटिस का कोई उत्तर नहीं मिला
2. तीन शैक्षिक स्टाफ उपाध्युत्तर डिग्री न होने के कारण एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप योग्य नहीं हैं ।
3. शिक्षकों को एनसीटीई द्वारा संस्तुत यूजीसी/ राज्य सरकार वेतमानों के विरुद्ध 1500/रु.प्रतिमाह समेकित वेतन दिया जाता है ।
4. संस्था का अपना भवन नहीं है और यह उच्चविद्यालय में चलती है ।
5. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप नियमित पारी में 6 घंटे के बजाय संस्था सिर्फ 5 घंटे सायं पारी में कार्य करती है ।
6. कक्षाओं में फर्नीचर एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप उपलब्ध नहीं है ।
7. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप 1500 की बजाय लाइब्रेरी में सिर्फ 502 पुस्तकें ही हैं ।
8. कंप्यूटर, मनोविज्ञान एवं विज्ञान प्रयोगों हेतु कोई बहुउद्देश्यीय प्रयोगशाला नहीं है ।
9. संस्था में तकनीकी सहायक स्टाफ नहीं है ।
10. संस्था में एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप कोई अक्षयनिधि एवं सुरक्षानिधि नहीं है ।

अब, अतः, एतद्वारा यह आदेश दिया जाता है कि **नवोदय इंस्टीच्यूट आफ एजूकेशन, लास्टगेट, दिसपुर, पो. असम सचिवालय, गुवाहाटी, जि. कामरूप -781006 (असम)** की बी एड हेतु मान्यता एतद्वारा अस्वीकार की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

क्षेत्रीय निदेशक

11/12

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1420 दिनाङ्क 29.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **दक्षिण गुवाहाटी बी एड कालेज, अंबारी, फाटासिल, गुवाहाटी, जि. कामरूप - 781025 (असम)** ने एक वर्षीय **बी एड कोर्स** की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि पूर्व क्षेत्रीय समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय समिति द्वारा गठित जाँच दल ने 11.12.99 को आवेदक संस्था का दौरा किया ।

और जब कि जाँच दल की रिपोर्ट एवं संस्था द्वारा प्रदत्त अन्य संबद्ध सामग्री पर 23-24 मार्च 2000 को क्षेत्रीय समिति ने विचार कर मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती । और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 3.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन प्रदान करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्था ने 2.5.2000 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया । संस्था का उक्त अभ्यावेदन तथा प्रदत्त अन्य प्रलेख पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार कर इस निर्णय पर पहुँची कि संस्था की मान्यता निम्न कारणों से मान्यता अस्वीकार किया जाय :

1. कोई अध्यापक एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप योग्यता संपन्न नहीं ।
2. शिक्षकों को एनसीटीई द्वारा संस्तुत यूजीसी/ राज्य सरकार वेतमानों के विरुद्ध 2200/रु. समेकित वेतन प्रतिमाह दिया जाता है ।
3. संस्थान का अपना भवन नहीं है । यह प्राथमिक विद्यालय में चलता है ।
4. संस्थान एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप 6 घंटे नियमित पारी के बजाय सांयकाल 3 घंटे 45 मिनट कार्य करती है ।
5. कक्षाओं में फर्नीचर एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप उपलब्ध नहीं है ।
6. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप 1500 की बजाय लाइब्रेरी में सिर्फ 471 पुस्तकें ही हैं ।
7. पुस्तकालय में शैक्षिक जर्नल नहीं मंगाये जाते ।
8. कंप्यूटर, मनोविज्ञान एवं विज्ञान प्रयोगों हेतु कोई बहुउद्देश्यीय प्रयोगशाला नहीं है ।
9. संस्थान में कामनरूम, हास्टल आदि मूलभूत सुविधायें नहीं है ।
10. संस्थान में तकनीकी सहायक स्टाफ नहीं है ।
11. संस्थान में एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप 5लाख की अक्षयनिधि के स्थान पर कोई अक्षयनिधि नहीं है ।

अब, अतः, एतद्वारा यह आदेश दिया जाता है कि **दक्षिण गुवाहाटी बी एड कालेज, अंबारी, फाटासिल, गुवाहाटी, जि. कामरूप -781025 (असम)** की बी एड हेतु मान्यता एतद्वारा अस्वीकार की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

क्षेत्रीय निदेशक

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1431 दिनांक 29.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **राजधानी कालेज आफ एजूकेशन, दिसपुर, बशिष्ठ रोड, बेल्टोला, कामरूप - 781028 (असम)** ने एक वर्षीय **बी एड पाठ्यक्रम** की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि पूर्व क्षेत्रीय समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय समिति द्वारा गठित दल ने 7.12.99 को आवेदक संस्था का दौरा किया ।

और जब कि क्षेत्रीय समिति द्वारा गठित जाँच दल की रिपोर्ट एवं संस्था द्वारा प्रदत्त अन्य संबद्ध सामग्री पर 23-24 मार्च 2000 को क्षेत्रीय समिति ने विचार कर मत व्यक्त किया कि आवेदक संस्था आवश्यकताएँ पूरी नहीं करती । और एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14(3)(b) के प्रावधानों के अंतर्गत 4.4.2000 को आवेदक संस्था को नोटिस जारी की गई ताकि इस संदर्भ में आवेदक संस्था को लिखित अभ्यावेदन प्रदान करने का अवसर दिया जा सके ।

और जब कि आवेदक संस्था ने 20.4.2000 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया । संस्था का उक्त अभ्यावेदन तथा प्रदत्त अन्य प्रलेख पर क्षेत्रीय समिति 16/17.6.2000 को विचार कर इस निर्णय पर पहुँची कि संस्थान की मान्यता निम्न कारणों से अस्वीकार किया जाय :

1. यद्यपि 17.8.95 के बाद नियुक्त , एक को छोड़ कर कोई अध्यापक एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप योग्यता संपन्न नहीं ।
2. शिक्षकों को एनसीटीई द्वारा संस्तुत यूजीसी/ राज्य सरकार वेतमानों के विरुद्ध 1200/रु. माह समेकित वेतन दिया जाता है ।
3. कालेज एक सेकेंडरी स्कूल के भवन में कार्य कर रहा है ।
4. कालेज का कार्य 4 से 7.15 बजे सांय अर्थात् 3 घंटे 15 है मिनट जब कि मानदंड 6 घंटे का है ।
5. कंप्यूटर, मनोविज्ञान एवं विज्ञान प्रयोगों हेतु कोई बहुउद्देश्यीय प्रयोगशाला नहीं है ।
6. कक्षाओं में फर्नीचर एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप उपलब्ध नहीं है ।
7. एनसीटीई मानदंडों के अनुरूप 1500 की बजाय लाइब्रेरी में सिर्फ 300 पुस्तकें ही हैं ।
8. संस्था में कोई तकनीकी सहायक स्टाफ नहीं है ।

अब, अतः, एतद्वारा यह आदेश दिया जाता है कि **राजधानी कालेज आफ एजूकेशन, दिसपुर, बशिष्ठ रोड, बेल्टोला, कामरूप -781028 (असम)** की बी एड हेतु मान्यता एतद्वारा अस्वीकार की जाती है ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति सरकारी गजट में प्रकाशित की जाये ।

क्षेत्रीय निदेशक

एफ. 7- 14/2000 - ई आर सी/1433 दिनांक 29.6.2000

आदेश

जब कि आवेदक संस्था **नेशनल बी एड कालेज, बिहाइंड राजधानी नर्सरी, आर जी बरुवा रोड, पो. दिसपुर, गुवाहाटी जि. कामरुप -781005 (असम)** ने एक वर्षीय **बी एड कोर्स** की मान्यता हेतु एनसीटीई अधिनियम 1993 की धारा 14 के अंतर्गत ईआरसी, एनसीटीई को आवेदन किया था ।

और जब कि पूर्व क्षेत्रीय समिति के निर्देश पर क्षेत्रीय समिति द्वारा गठित दल ने 9.12.99 को आवेदक संस्था का दौरा किया ।

